a2zsubjects.com a2zsubjects.com

# छत्तीसगढ़ हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा, 2015

## 10वीं हिन्दी माध्यम

## विषय : हिन्दी विशिष्ट Set-A

निर्देश : (i) सभी प्रश्न हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न **खण्ड-अ, ब** में विभाजित है। इसमें 10 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक के उत्तर 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक के उत्तर 75 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 22 एवं 25 के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 23 एवं 24 में 8-8 अंक निर्धारित हैं। प्रश्न क्रमांक 23 का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है।

1. **खण्ड (अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) पंत की कविता में पर्वतों का आकार है :

(अ) मेखलाकार (ब) सर्पकार
(स) गोलाकार (द) त्रिभुजाकार

(ii) कृषि महोत्सव यहाँ सम्पन्न होता था :

(अ) मगण (ब) उज्जयिनी
(स) अवन्ती (द) कोशल

(iii) गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म हुआ था :

(अ) मुम्बई (ब) कोलकाता
(स) चेन्नई (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) जहाँ लोभ होता है, वहाँ है :

(अ) धर्म (ब) पाप
(स) काल (द) क्षमा

(v) हिन्दी काव्य जगत के शशि माने जाते हैं :

(अ) कबीरदास (ब) केशवदास
(स) तुलसीदास (द) सूरदास

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

1. खण्ड (ब) उचित सम्बन्ध जोड़िए :

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) स्वर्णफूल | (a) शेषफन |
| (ii) महाकाव्य | (b) कृष्णभक्ति शाखा |
| (iii) पंडवानी | (c) जुगनू |
| (iv) सिंहासन | (d) कामायनी |
| (v) भक्तिकाल | (e) महाभारत |

2. पाठ्क-पुस्तक की दो विशेषताएँ लिखिए।
3. नोबेल पुरस्कार प्राप्त दो भारतीयों के नाम लिखिए।
4. शब्द समूहों के लिए एक शब्द लिखिए।
(i) जिस पर विश्वास किया जा सके (ii) जानने की इच्छा रखने वाला
5. आचार्य शुक्ल के अनुसार उत्साह की परिभाषा लिखिए।
6. दोहा छन्द का एक उदाहरण लिखिए।
7. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :
(i) गुदड़ी के लाल (ii) पानी-पानी होना
8. पर्वत के सौंदर्य का चित्रण पंतजी ने किस प्रकार किया है? वर्णन कीजिए।
9. डॉ. सुब्रह्मण्यम चन्द्रशेखर का जन्म कब और कहाँ हुआ था? उन्हें अमरिका में क्यों बसना पड़ा?
10. " सिंहमित्र की कन्या! तुमने एक बार फिर कोशल का उपकार किया।" इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
11. निर्देशानुसार कीजिए :
(i) इसी मैदान में मैं खेला करता था। (मिश्र वाक्य बनाइए)
(ii) तुम्हारा नाम शिव है। (प्रश्नवाचक वाक्य बनाइए)
(iii) तुम तुम्हारे घर जाओ। (वाक्य शुद्ध कीजिए)
12. गाँधीजी को महात्मा क्यों कहा जाता है?
13. वत्सल्य रस की परिभाषा और एक उदाहरण लिखिए।
14. उदयसिंह को बचाने के लिए पन्ना ने किसकी सहायता ली? उसने कैसे सहायता की?

**अथवा**

चित्तौड़ में दीपदान का उत्सव मनाने को किसने कहा था? चित्तौड़ में दीपदान का उत्सव क्यों मनाया जा रहा था?

15. द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को सुदामा का परिचय किस रूप में दिया? वर्णन कीजिए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com

**अथवा**

माली और कलियों के माध्यम से कबीर क्या कहना चाहते हैं?

16. पंडवानी गायिका तीजन बाई पर **एक** संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**अथवा**

जैतखाम क्या ? वर्णन कीजिए।

17. डॉ. भगवतशरण उपाध्याय **अथवा** सुमित्रानंनदन पंत का सहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए :

(i) **दो** रचानाएँ

(ii) भाषा-शली की **दो** विशेषताएँ **अथवा** भाव-पक्ष की **दो** विशेषताएँ

(iii) साहित्य में स्थान

18. अछूत कन्या को चौके में न आने देने पर गाँधीजी ने क्या सबक सिखाया?

**अथवा**

माता का श्रृंगार लाल और सफेद रंग में किस प्रकार किया जाता है?

19. कम्प्यूटर की तुलना गणेशजी से क्यों की गई है?

**अथवा**

छात्रों के अनुसार उत्तर दिशा का ज्ञान रात और दिन के समय कैसे किया जा सकता था?

20. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कर उसकी विशेषताएँ लिखिए :

दुनिया में क्या नहीं? कौन-सी चीज मैंने अपने हाथों पैदा नहीं की? मेरे सहारे कारखाने अमित मात्रा में माल उगलते जा रहे हैं। मैं तृण से ताड़ बनाता हूँ, तिल से पहाड़, नगर को ढो सकने वाले जहाजों से लेकर सुई तक, कोई महान और अदनी चीज नहीं जो मेरे स्पर्श के जादू से जीवन धारण न कर लेती हो। पर यह सब कुछ मेरे लिए क्यों नहीं? मैं इनमें से तिनका तक भी नहीं ले पाता।

**अथवा**

यदि हम किसी बात पर क्रुद्ध बैठे हैं और इसी बीच में कोई दूसरा आकर हम से कोई बात सीधी तरह भी पूछता है तो भी हम उस पर झुंझला उठते हैं। इस झुंझलाहट का न तो कोई निर्दिष्ट कारण होता है, न उद्देश्य। यह केवल क्रोध की स्थिति के व्याघात को रोकने की क्रिया है, क्रोध की रक्षा का प्रयत्न है। इस झुंझलाहट द्वारा हम यह प्रकट करते हैं कि क्रोध में हैं आर क्रोध में ही रहना चाहते हैं।

21. मधुलिका के स्वाभिमान को उजागर करने वाली **दो** घटनाओं को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

महादेवी वर्मा की भाषा-शैली की **दो** विशेषताएँ लिखिए।



a2zsubjects.com



a2zsubjects.com

22. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कर साहित्यिक सौंदर्य लिखिए :

ऊधो मोहिं ब्रज बिसरत नाहीं।
हंस सुता की सुंदर कगरी अरू कुंजन की छाँहीं।
वै सुरभी, वै बच्छ दोहिनी, खरिक दुहावन जाहीं।
ग्वाल बाल सब करत कुलाहल नाचत गहि-गहि बाहीं।

**अथवा**

अवधेस के द्वारे सकारे गई, सुत गोद कै भूपति लै निकसे।
अवलोकि हौं सोच बिमोचन को, ठगि-सी रही, जो न ठगे धिक से।
तुलसी मनरंजन रंजित अंजन-नैन सुखंजन जातक से।
सजनी ससि में समसील उभै, नवनील सरोरूह से बिकसे।

23. निम्नलिखित में स किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए :

(i) जीवन में खेलों का महत्व

(ii) वृक्षारोपण

(iii) राष्ट्रीय पर्व—गणतंत्र दिवस

(iv) दहेज प्रथा—एक अभिशाप

(v) विज्ञान क चमत्कार

24. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

महात्मा गाँधी अपना काम अपने हाथ से करने पर बल देते थे? वे प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह अपने शरीर में संबंधित कार्य, सफाई तक स्वयं करेगा। उनका कहना था कि जो श्रम नहीं करता, वह पाप करता है और पाप का अन्न खाता है। ऋषि-मुनियों ने कहा है—बिना श्रम किए जो भोजन करता है, वह वस्तुत: चोर है। महात्मा गाँधी का समस्त जीवन-दर्शन श्रम-सपेक्ष था। उनका समस्त अर्थशास्त्र यही बताता था कि प्रत्येक उपभोक्ता को उत्पादन कर्त्ता होना चाहिए। उनकी नीतियों की उपेक्षा करने के परिणाम हम आज भी भोग रहे हैं। न गरीबी कम होने में आती है, न बेरोजगारी पर नियंत्रण हो पा रहा है और न अपराधों को रोकना हमारे वश की बात हो रही है।

(अ) महात्मा गाँधी किस बात पर बल देते थे?

(ब) महात्मा गाँधी का क्या कहना था?

(स) ऋषि-मुनियों ने क्या कहा है?

(द) महात्मा गाँधी की नीतियों की उपेक्षा करने का क्या परिणाम हुआ है?

(इ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

25. आपका नाम अनीता राठी है। आप शास. उच्च. माध्य. सुकमा में कक्षा दसवीं की छात्रा हैं। अपने प्राचार्य के स्थानांतरण प्रमाण हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

**अथवा**

मुहल्ले में साफ-सफाई न होने की शिकायत करते हुए सरिता देवांगन के नाम से धमतरी नगर निगम के महापौर को शिकायती पत्र लिखिए।